Qh

<u>बिहार सरकार</u>
<u>ग्रामीण कार्य विभाग</u>
<u>सकारण आदेश</u>

सकारण आदेश संख्या–14/अ0प्र0–14–138/2025 9298 /पटना, दिनांक– 29.8.25

दिनांक 16.05.2025 को अधोहस्ताक्षरी के अध्यक्षता में सम्पन्न तकनीकी बीड समिति की बैठक की कार्यवाही के अनुसार मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क उन्नयन योजना के अवयव के रूप में ग्रामीण सड़क सुदृढीकरण एवं प्रबंधन कार्यक्रम के तहत कार्य प्रमंडल, लखीसराय के अधीन Package No. RRSMP/24-25 Lakhisarai/03 (Tender ID- 140177) के अन्तर्गत पथ की उन्नयन एवं Operation and Management हेतु दिनांक 25.04.2025 को प्राप्त निविदा में भाग लेने वाले निविदाकारो के तकनीकी बीड संबंधी कागजात की समीक्षा की गयी।

उक्त निविदा में Ganesh Sai Contractor and Construction Pvt. Ltd. (Reg No. 1210250) Add:- Near Kiul Vrindavan Dharmshala Lakhisarai Pincode: 811310 द्वारा अपर्याप्त समरूप कार्य अनुभव राशि प्रमाण–पत्र समर्पित किये जाने के कारण CMBD कि कंडिका.– 4.4 A (c) के आलोक में इन्हें तकनीकी रूप से अयोग्य घोषित करते हुए विभागीय पत्रांक 2565 अनु0 दिनांक 08.07.2025 द्वारा बिहार ठिकेदारी निबंधन नियमावली (ग्रामीण कार्य विभाग) 2007 के नियम 11 (क) के तहत कार्रवाई किये जाने की अनुशंसा की गयी।

उक्त अनुशंसा के आलोक में विभागीय पत्रांक 7825 अनु0 दिनांक 18.07.2025 द्वारा उक्त कृत्य हेतु संवेदक Ganesh Sai Contractor and Construction Pvt. Ltd. से स्पष्टीकरण समर्पित करने हेतु निदेशित किया गया जिसके आलोक में संवेदक अपना स्पष्टीकरण विभाग को दिनांक 08.08.2025 को समर्पित किया गया है। जिसे विभागीय समीक्षोपरान्त अस्वीकृत करते हुए उक्त संवेदक को काली सूची में डालने का निर्णय लिया गया है।

अतएव वर्णित तथ्यों के आलोक में विभागीय समीक्षोपरान्त बिहार सरकार ग्रामीण कार्य विभाग की अधिसूचना संख्या–8123 दिनांक 19.12.2007 के कंडिका–11 (क) उप कंडिका–(ix) एवं (ख) (ii) में निहित प्रावधानों के आलोक में निविदाकार/संवेदक Ganesh Sai Contractor and Construction Pvt. Ltd. (Reg No. 1210250) Add:- Near Kiul Vrindavan Dharmshala Lakhisarai Pincode: 811310 के निबंधन को अगले 02 (दो) वर्षो के लिए कालीकृत (**Blacklisted**) किया जाता है।

29/8/25
(मो0 सुल्तान अहमद)
अभियंता प्रमुख

निबंधित

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–14–138/2025 9298 /पटना, दिनांक– 29.8.25

प्रतिलिपि– Ganesh Sai Contractor and Construction Pvt. Ltd. (Reg No. 1210250) Add:- Near Kiul Vrindavan Dharmshala Lakhisarai Pincode: 811310 को सूचनार्थ प्रेषित।

29/8/25
अभियंता प्रमुख

कृ0पृ0उ0

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–138 / 2025 9298 / पटना, दिनांक– 29.8.25

प्रतिलिपि–प्रधान सचिव / सचिव / अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग / भवन निर्माण विभाग / जल संसाधान विभाग / लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग / नगर विकास विभाग / उर्जा विभाग / कृषि विभाग, बिहार, पटना / पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना / सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग / सभी अधीक्षण अभियता / सभी कार्यपालक अभियंता / सभी नोडल पदाधिकारी (मु0), ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

29/8/25

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–138 / 2025 9298 / पटना, दिनांक–29.8.25

प्रतिलिपि– अपर मुख्य सचिव के आप्त सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

29/8/25

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–138 / 2025 9298 / पटना, दिनांक–29.8.25

प्रतिलिपि– प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–14 एवं प्रशाखा में कार्यरत सभी सहायक प्रशाखा पदाधिकारी / आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

29/8/25

अभियंता प्रमुख